इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 219 | राजनांदगांव, शुक्रवार 27 जून 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







# अमेरिका पर फिर हमला करेंगे..., सीजफायर के बाद भी नर्म नहीं पड़े खामनेई के तेवर, ट्रंप को दी चुनौती

तेहरान। ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम लागू होने के बाद गुरुवार को पहली बार ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने बयान दिया। उन्होंने कहा, कतर के अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हमला कर ईरान ने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा है। यह अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है। उन्होंने अमेरिका को भविष्य में ईरान पर दोबारा हमला न करने के लिए चेताया। कहा कि उसका परिणाम और ज्यादा घातक होगा। बुधवार को हेग में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू करने पर उस पर फिर से हमला करने का बयान दिया था।



### अमेरिका ने इजरायल को हार से बचाने के लिए ईरान पर हमला किया- खामनेई

ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित खामेनेई के 10 मिनट के रिकार्डेड वीडियो स्टेटमेंट में अमेरिका और इजरायल को चेतावनी और धमकियां दी गई। कहा, रविवार को तीन परमाणु संयंत्रों पर अमेरिका के हमले के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बढ़ा-चढ़ाकर बता रहे हैं। जबकि वास्तव में उस हमले से अमेरिका को कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। ट्रंप का बयान सुनकर कोई भी व्यक्ति बता देगा कि वह सच्चाई को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। वास्तव में अमेरिका ने इजरायल को हार से बचाने के लिए ईरान पर हमला किया। खामेनेई ने ईरान के लोगों को जीत की बधाई दी और सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने के लिए देश के नागरिकों की प्रशंसा की।

13 जून को ईरान पर इजरायल का हमला शुरू होने के बाद खामेनेई गुप्त ठिकाने पर चले गए थे और वह अभी तक सार्वजनिक स्थान पर नहीं आए हैं। गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइएईए) के प्रमुख रफाएल ग्रोसी ने कहा कि इजरायली और अमेरिकी हमलों से ईरान के परमाणु संयंत्रों को काफी नुकसान हुआ है। लगता है कि हमलों से संयंत्रों में रखी हर चीज नष्ट हो गई है। यह बड़ा नुकसान है।

### परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा ईरान

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने भी माना है कि हमलों से उनके देश के परमाणु संयंत्रों को भारी नुकसान हुआ है लेकिन अपने परमाणु कार्यक्रम को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है। गुरुवार को ईरान ने नागरिक विमानों के आवागमन के लिए अपना आकाश आंशिक रूप से खोल दिया, शांति रहने पर एक-दो दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हास्य कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे का निधनः अपनी मौत की खबर पर खुद कहते थे टाइगर अभी जिंदा है

रायपुर। छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हास्य कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे नहीं रहे। 72 वर्ष की उम्र में उन्होंने गुरुवार को अंतिम सांस ली। बताया जाता है कि हार्ट अटैक आने के बाद उन्हें रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर से देश-प्रदेश में शोक की लहर है। कला जगत, काव्य जगत, साहित्य जगत, राजनीतिक जगत समेत सभी वर्ग में उनके निधन की खबर से सभी आहत है। हर तरफ शोक की लहर है। सभी गमगीन हैं।



उनके निधन पर सीएम विष्णुदेव साय ने शोक जताते हुए ट्वीट कर लिखा कि छत्तीसगढ़ी साहित्य व हास्य काव्य के शिखर पुरुष, पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे जी का निधन साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। अचानक मिली उनके निधन की सूचना से स्तब्ध हूँ। अपने विलक्षण हास्य, तीक्ष्ण व्यंग्य और अनूठी रचनात्मकता से उन्होंने न केवल देश-विदेश के मंचों को गौरवान्वित किया, बल्कि छत्तीसगढ़ी भाषा को वैश्विक पहचान दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। जीवनपर्यंत उन्होंने समाज को हँसी का उजास दिया, लेकिन आज उनका जाना हम सभी को गहरे शोक में डुबो गया है। उनकी जीवंतता, ऊर्जा और साहित्य के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों और असंख्य प्रशंसकों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करें। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ट्वीट कर लिखा कि सुरेन्द्र जी जीवन भर मुस्कान बांटते रहे, आज आंखें नम कर गए। छत्तीसगढ़ की माटी से लेकर विश्व मंच तक अपनी विशिष्ट कविताओं से पहचान बनाने वाले महान कवि पद्मश्री श्री सुरेन्द्र दुबे जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कवि सुरेंद्र दुबे के घर पहुंचे सीएम साय, परिजनों को बंधाया ढांढस

रायपुर। सीएम साय ने दुबे के निवास पर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शोक-संतप्त परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना प्रकट की। कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार आप के साथ है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी आदि नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने अपनी शोक संवेदना में कहा कि अपने विलक्षण हास्य, तीक्ष्ण व्यंग्य और अनूठी रचनात्मकता के माध्यम से डॉ. दुबे ने न केवल देश-विदेश के मंचों को गौरवान्वित किया, बल्कि छत्तीसगढ़ी भाषा को वैश्विक पहचान दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। जीवनपर्यंत उन्होंने समाज को हँसी का उजास दिया, लेकिन आज उनका जाना हम सभी को गहरे शोक में डुबो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. सुरेन्द्र दुबे की जीवंतता, उनकी ऊर्जा और साहित्य के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। वे मंचीय काव्य परंपरा में हास्य और व्यंग्य को जिस गरिमा और गहराई से प्रस्तुत करते थे, वह विरल है। साय ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों एवं असंख्य प्रशंसकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।



# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला, अगले 14 दिन करेंगे कई परीक्षण

नई दिल्ली। एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष यान इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच चुका है। उनके पहुंचते ही देश भर में खुशी का माहौल छा गया। बता दें कि लॉन्चिंग के बाद से इस यान ने लगभग 26 घंटे में अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पूरी कर ली है। यह यान 28,000 किमी/घंटा की रफ्तार से 418 किमी ऊंचाई पर पृथ्वी के चक्कर काट रहा है। स्पेश स्टेशन में प्रवेश करने से पहले डॉकिंग प्रक्रिया का




वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि तय समय से 20 मिनट पहले ही डॉकिंग प्रक्रिया शुरू हो गई। वहीं, अब पूरी तरह से अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करने में 1 घंटा और समय लगेगा। बता दें कि शुभांशु शुक्ला ने यह उड़ान अपने साथियों के साथ अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर (केएससी) से 'स्पेसएक्स फाल्कन 9' यान में सवार होकर भरी थी।

बता दें किग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ मिशन कमांडर पेगी व्हिटसन (अमेरिका), मिशन विशेषज्ञ तिबोर कापू (हंगरी), पोलैंड के स्लावोस वुजनांस्की-विस्नेव्स्की (मिशन विशेषज्ञ) और यूरोपीय स्पेस एजेंसी के वैज्ञानिक भी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। शुभांशु शुक्ला का यह मिशन भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। 14 दिनों में, उनकी टीम अंतरिक्ष में 60 अलग-अलग प्रयोग करेगी। इन प्रयोगों में से 7 भारत के वैज्ञानिकों ने बनाए हैं। यह भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान में एक बड़ी उपलब्धि है।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटालाः विजय भाटिया को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, रिट याचिका खारिज; नेताओं के खातों में मिले सबूत

बिलासपुर। प्रदेश में हुए करोड़ों के कथित शराब घोटाला मामले में आरोपी कारोबारी विजय भाटिया को हाइकोर्ट से राहत नहीं मिली। शराब कारोबारी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपराधिक मामले में रिट याचिका लगाई थी। इस मामले में चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच में गुरुवार को सुनवाई हुई।

कारोबारी विजय भाटिया की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने पक्ष रखा, जिसमें जांच एजेंसी एसीबी पर बिना समन के याचिकाकर्ता विजय भाटिया को गिरफ्तार करने की बात रखी गई। वहीं, आरोपी के खिलाफ एफआईआर होने के बाद एक साल से ज्यादा समय बीतने कार्रवाई में देरी को लेकर एसीबी का अधिवक्ता सौरभ पांडे ने पक्ष रखा। इसके जवाब में अधिवक्ता ने कहा, इस मामले में सबूत जुटाने और करीब 300 गवाहों से



पूछताछ की गई। वहीं, इस पिटीशन में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के माध्यम से रखी गई सभी बातों का कोर्ट में जवाब देते हुए कहा, कि ईडी ने एसीबी को पहले अभियुक्त से पूछताछ करने के बाद उसे 31मई 2025 को दोपहर में सौंपा और फिर 24 घंटे के बाद रायपुर में एक जून को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया है। सभी पक्षों को सुनने के बाद इस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। दरअसल, कथित 2100 करोड़ से ज्यादा के शराब घोटाले ईओडब्ल्यू ने राज्य के बड़े कारोबारी विजय भाटिया को बीते 31 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया। कहा जा रहा है कि विजय अपने परिवार वालों के साथ विदेश जाने वाला था। इससे पहले ही उसे गिरफ्तार किया गया। इस मामले को लेकर कोर्ट में कार्रवाई चल रही है। इस पूरे मामले में कहा जाता है ईओडब्ल्यू ने जांच में पाया है (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# उत्तराखंड में भीषण हादसाः रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी में गिरी बस; तीन की मौत; 9 यात्री लापता

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में गुरुवार (26 जून) को बड़ा हादसा हो गया। बद्रीनाथ हाईवे पर दौड़ रही बस रुद्रप्रयाग के पास अलकनंदा नदी में गिर गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई। 8 घायल हैं। 9 लोग लापता हैं। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस बल और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। लापता यात्रियों की तलाश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, ट्रैवलर में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के यात्री बैठे थे। हरिद्वार निवासी बस ड्राइवर सुमित यात्रियों को केदारनाथ से दर्शन कराकर बद्रीनाथ धाम ले जा रहे थे। इस बीच रुद्रप्रयाग में घोलतीर के पास एक ट्रक ने पीछे से ट्रैवलर



को टक्कर मार दी। मिनी ट्रैवलर अलकनंदा में जा गिरी। हादसे में MP के राजग? निवासी विशाल सोनी (42), गुजरात आईमाता चौक सूरत निवासी ड्रिमी (17) सहित एक अन्य की मौत हुई है। ड्राइवर सुमित को गंभीर चोट आई है। इनका इलाज रुद्रप्रयाग अस्पताल में किया जा रहा है।

### बाकी की तलाश जारी

उत्तराखंड आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा-एक दुखद घटना की सूचना मिली है। घोलथिर स्थान पर एक बस नदी में गिर गई है। बस में ड्राइवर समेत 20 यात्री सवार थे। हम 8 लोगों को बचाने में सफल रहे हैं, अभी तक 3 लोगों की मौत की सूचना है। बाकी लोगों की तलाश जारी है।

### सीएम धामी ने जताया दुख

दर्दनाक हादसे को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा- जनपद रुद्रप्रयाग में एक टेंपो ट्रैवलर बस के नदी में गिरने का समाचार अत्यंत दुःखद है। SDRF सहित अन्य बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में निरंतर स्थानीय प्रशासन से संपर्क में हूं। ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं। SDRF और पुलिस की टीम लापता लोगों की तलाश में जुटी है।




# स्टेट जीएसटी की बड़ी कार्रवाई : अवैध सितार गुटखा फैक्ट्री में दबिश, 6 जिलों में एक साथ छापेमारी

रायपुर। प्रदेश में लगातार स्टेट जीएसटी की कार्रवाई जारी है। देर रात स्टेट जीएसटी की टीम ने सितार गुटखा बनाने वाली फैक्टरी में दबिश दी। इस फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में सितार गुटखा बनाने के सामान मिले हैं। जानकारी के मुताबिक यह फैक्ट्री राजनांदगांव और दुर्ग के बीच जालबांधा रोड के पास जोरातराई और अंजोरा के पास गनियारी में है, जहां देर रात तक टीम की जांच जारी है। स्टेट जीएसटी कमिश्नर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर यह दबिश दी गई।




17 डीलरों से ढाई करोड़ की टैक्स वसूली

### कार्रवाई में ढ़ाई करोड़ की टैक्स वसूली

पिछले दो दिनों से जीएसटी की कार्रवाई कपड़ा और फर्नीचर सेक्टर में देखी गई, वहीं बुधवार को छत्तीसगढ़ के छह जिलों में जीएसटी की टीम ने एक साथ फुटवेयर सेक्टर में कार्रवाई की थी। जीएसटी की टीम ने रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, जगदलपुर, बिलासपुर, कोरबा में एक साथ 17 डीलरों के यहां छापा मारा था। इस कार्रवाई में व्यापारियों से ढाई करोड़ की जीएसटी की टैक्स वसूली की गई है। जीएसटी विभाग के सूत्र बताते है कि इंटेलिजेंस टीम से ये सूचना मिली थी कि फुटवेयर सेक्टर के व्यापारियों ने टैक्स जमा नहीं किया है, यही कारण है कि इस सेक्टर में टीम ने छापेमार कार्रवाई की।

### सैफ्रान कॉर्पोरेट में भी टीम ने की छापेमार कार्रवाई

रायपुर में भी जीएसटी की टीम ने सैफ्रॉन कॉर्पोरेट में छापेमार कार्रवाई की थी। यहां पांच अधिकारियों की टीम ने छापा मारा था। ये प्रोजेक्ट बगड़िया ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड का बताया जा रहा है। ये ऐश्वर्या ग्रुप के सह-संस्थापक के रूप में निलय ग्रुप से भी जुड़ा हुआ है।

# एनआईए की बड़ी कार्रवाईः आतंकी साजिश के शक में पंजाब, हरियाणा और यूपी में 18 ठिकानों पर छापेमारी!

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी साजिश से जुड़े मामलों में बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने गुरुवार को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के 18 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, पंजाब में 6 स्थानों, हरियाणा में 9 और उत्तर प्रदेश में 3 जगहों पर रेड की गई। जालंधर, होशियारपुर और मानसा जैसे जिलों में एनआईए की टीमें पहुंचीं। होशियारपुर के टांडा क्षेत्र में पंजाब पुलिस की मौजूदगी में तलाशी अभियान चलाया गया। मानसा के बुढ़लाडा कस्बे में यूट्यूबर सुखबीर सिंह के घर पर भी तड़के रेड हुई। हालांकि उस वक्त वह घर पर मौजूद नहीं था। एनआईए ने करीब 1.5 घंटे की तलाशी में दस्तावेज खंगाले और परिजनों को बताया गया कि सुखबीर (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पहला कॉलम...

### प्रदेश प्रभारी को डाकलिया ने दी पार्टी गतिविधियों की जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव शहर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व निगम अध्यक्ष रमेश डाकलिया ने सोमवार को छग प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से रायपुर प्रवास के दौरान मुलाकात कर शहर कांग्रेस की गतिविधियां एवं कांग्रेस भवन के निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। श्री डाकलिया ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के प्रयास से ही लगभग 30 वर्ष से जीर्ण-शीर्ण हो चुके कांग्रेस भवन का नवनिर्माण का कार्य शुरू हो गया है। उक्त प्रयास में संयोजक श्रीकिशन खंडेलवाल, धनेश पाटिला, कुतबुद्दीन सोलंकी, दिनेश शर्मा, भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, शारदा तिवारी, हेमा देशमुख, आफताब आलम, कमलजीत सिंह पिंटू, अशोक फडनवीस, रूबी गरचा, पंकज बांधव, सुदेश देशमुख, रूपेश दुबे, झम्मन देवांगन, अमित खंडेलवाल, अमित चंद्रवंशी, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, हेमू सोनी सहित स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा है।

### संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी का बी.फॉर्मेसी तृतीय सेमेस्टर का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



राजनांदगांव (दावा)। जिले की प्रथम एवं प्रदेश कि अग्रणी फॉर्मेसी संस्थान संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी जो किसी एसवीटीयू भिलाई से संबद्ध है। जिसका विगत दिवस घोषित बी.फॉर्मेसी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत्-प्रतिशत रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पोशन लाल ने 78.8 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, आर्यन एवं दिव्यानि ने 78.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं मयंक 77.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान की उत्कृष्ट पढ़ाई, बेहतर व्यवस्था, शिक्षा योग्य वातावरण एवं प्राचार्य डॉ. टी. कुमार व शिक्षकगणों को दिया। संस्था के प्रबंधक ललित अग्रवाल एवं अतुल देशलहरा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किए। उपरोक्त जानकारी संस्था के प्राचार्य डॉ. टी. कुमार द्वारा प्रदान की गई।

### मेजर ध्यानचंद की मूर्ति के बाजू छोटी मूर्ति को अज्ञात व्यक्ति द्वारा किया क्षतिग्रस्त, एफआईआर दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा के अलावा चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण भी किया जाता है। इसी कड़ी में गौरव पथ रोड में मेजर ध्यानचंद के साथ दो अन्य हॉकी खिलाड़ियों की मूर्ति स्थापित की गई है। जिसमें से मेजर ध्यानचंद के बाजू छोटी मूर्ति को अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है। जिससे शहर के खिलाड़ियों में आक्रोश है। मूर्ति क्षतिग्रस्त होने पर निगम आयुक्त अतुल विश्वकार्म ने थाना प्रभारी बसंतपुर थाना को अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करने एफआईआर दर्ज करने पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने कहा है कि संबंधित का यह कृत्य न केवल सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाला है। बल्कि नगर की समाजिक, सांस्कृतिक एवं खेल भावनााओं को ठेस पहुंचाने वाला है। इस घटना से आम नागरिकों में आक्रोश एवं असंतोष की भावना उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा है कि ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। जिससे इस प्रकार के अपराध में अंकुश लग सके।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ तहसीत के आपदा प्रभावितों के लिए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 2 चना व गेहूं फसल क्षति होने पर 21 हजार 292 रूपए तथा डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रूपए, सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
27th June to 03rd July 2025



Maa - 12:00, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Kannappa - 03:00 and 09:00 pm
F1 The Movie - 12:30 and 06:30 pm
Sitaare Zameen Par - 03:15, 06:15 and 09:15 pm
HOUSE FULL 5 A - 12:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेल
महिलाओं की खास फरमाईश पर टिकिट दर पर भारी छूट
बालकनी - 100 रूपए
रिजर्व - 50, महिला- 50 रूपए
सिर्फ सुहाग फिल्म के लिए
सुपरहीट, सुपरहीट, सुपरहीट
सुहाग
कला : अनुज शर्मा, अनकृति चौहान,




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# आज भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की निकलेगी रथयात्रा

**0 भंडारा प्रसादी दोप. 11 बजे से**
**0 सुप्रसिद्ध गजा मूंग का प्रसाद मिलेगा भक्तो को**
**0 भव्य रथ को अपने हाथों से खींचेंगे भक्त, श्रीराम-जानकी मंदिर में एकादशी तक विराजेंगे भगवान जगन्नाथ**

राजनांदगांव (दावा)। भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया, 27 जून शुक्रवार को बड़ी श्रद्धा-भक्ति के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। संस्कारधानी नगरी के गांधी चौक स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर से 87वीं रथयात्रा निकाली जाएगी। पारंपरिक रथ को भव्यता प्रदान की गई है।

श्री जगन्नाथ मंदिर रथयात्रा आयोजन समिति के प्रमुख महेश शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 27 जून शुक्रवार को गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सुबह 8 बजे से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विशेष श्रृंगार पूजन किया जाएगा। श्री शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालु भक्तों के लिए भंडारा प्रसादी सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित है। शोभायात्रा के संदर्भ में बताया गया कि शोभयात्रा प्रारंभ होने के पूर्व दोपहर 2 बजे भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा एवं सुदर्शन चक्र को भव्य रथ में विराजित किया जाएगा। पूजा, आरती के पश्चात दोपहर 2:30 बजे रथ की रस्सी को सैकड़ों भक्त माता-बहनों एवं बंधुओं द्वारा अपने हाथों से खींचा जाएगा एवं रथयात्रा प्रारंभ होगी। इस दौरान संस्कारधानी की विभिन्न भजन मंडलियों के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। ढ़ोल-नगाड़े की थाप भी रथयात्रा की शोभा बढ़ाएगी।

#### रथ यात्रा मार्ग इस प्रकार होगा

रथयात्रा नगर के गांधी चौक से दुर्गा चौक, बाल गोविंद चौक, बसंतपुर थाना से सदर बाजार, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग से श्री श्याम मंदिर गली से कामठी लाईन, भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक से जयस्तंभ चौक से भ्रमण करते हुए जूनी हटरी स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर पहुंचेगी। यहां जगत के नाथ का स्वागत पारंपरिक सनातन संस्कृति के अनुसार किया जाएगा।



भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक श्रीराम जानकी मंदिर में ही विराजेंगे एवं भक्तो को दर्शन देंगे। रथयात्रा के दौरान सुप्रसिद्ध गजा मूंग का प्रसाद भक्तों को प्राप्त होगा। आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक भगवान का रथ इसी मंदिर के द्वार पर खड़ा रहेगा। एकादशी के दिन भगवान पुनः अपने रथ पर विराजमान होकर बाजे-गाजे के साथ अपने गांधी चौक स्थित मंदिर में पधारेंगे। इस प्रकार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पूर्ण होगी।श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आयोजन समिति ने नगर के धर्म प्रेमी माताओं-बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि वे रथ यात्रा में शामिल होकर अपने हाथों से जगन्नाथ महाप्रभु के रथ को खींचकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करें। जिन मार्गो से रथ निकलेगा उन मार्गों में निवासरत धर्म प्रेमी माता, बहने एवं बंधु अपने अपने द्वार पर जगन्नाथ महाप्रभु का दर्शन व पूजन कर प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त कर सकते हैं।

#### श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा दूध कोल्डड्रिंक वितरण

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आज गांधी चौक स्थित प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए जब कामठी लाईन पहुंचेगी। तब श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा श्री सत्यनारायण धर्मशाला के सामने भगवान श्री जगन्नाथ एवं रथयात्रा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत शीतल दूध कोल्ड ड्रिंक से किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा अनेक वर्षों से रथ यात्रा में शामिल भक्तों को शीतल पेय का वितरण किया जा रहा है।

## निर्माण कार्यो में रेत की अनुउपलब्धता : कलेक्टर, आयुक्त व महापौर को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। विकास निर्माण कार्यों में रेत की अनुउपलब्धता को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष व कांट्रेक्टर एसोसिएशन के जिला सचिव आलोक बिंदल ने ठेकेदारों के साथ मिलकर कलेक्टर, आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि रेत की अनुउपलब्धता के चलते विकास निर्माण कार्यों में विलंब हो रहा है। श्री बिंदल ने बताया कि नगर निगम राजनांदगांव में वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य एवं निकट समय में जारी किये गये कार्यादेशों के संबंध में लेख है कि शासन द्वारा रेती खनन 16 जून 15 अक्टूबर तक प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में चल रहे निर्माण कार्यो व चालू किये जाने वाल निर्माण कार्यों में रेटी की अनुउपलब्धता होगी। निर्माण एजेंसियों के द्वारा रेती की व्यवस्था कर पाना असंभव है। जिसके कारण निर्माण कार्यो में विलंब होना स्वाभाविक है। शासन के द्वारा जारी निर्देशों के परिपेक्ष में नियमों का पालन करते हुए निर्माण कार्यों को प्रतिबंधित समय में स्थागत करना होगा एवं पुनः रेत खदान प्रारंभ होने पर ही निर्माण कार्य चालू किया जाना संभव होगा।

उन्होंने मांग की है कि शासन के दिशा निर्देशो के परिपालान में समस्त जारी कार्यादेशों में 4 माह का अतिरिक्त समयावधी प्रदान की जाए। इस दौरान मुख्य रूप से कॉन्टैक्टर संगठन के जिला अध्यक्ष संजय सिंघी, जिला सचिव आलोक बिंदल, नरेन्द्र यादव, निखिल दास, किसुन यदु, संजय सोनी, शरद अग्रवाल, शीतल साहू, विकेश शर्मा, रविराज, सूरज कन्नौजे, अब्दुल रहीम, हेमराज साहू, हिमांशु सोनवाने, अमन यादव, आशीष चोपड़ा, सूरज कन्नौजे, हरीश शर्मा, सुरेश सिन्हा, नोहर सिन्हा, प्रवीण चक्रधारी, मनोज सिन्हा, योगेंद्र पांडे, कैलाश अहिरवार, गौरव खंडेलवाल, उत्तम जैन, अरुण शुक्ला, अतुल अग्रवाल, दिनेश जेवरानी, कमल सिन्हा, पीयूष शर्मा, समीर श्रीवास्तव, निक्कू सिंह अंकित सिंह, उज्जवल कसेर आदि उपस्थित थे।

## एनपीपीएस बल्देवबाग की छात्रा ने राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में छग का किया प्रतिनिधित्व



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों भिलाई महिला महाविद्यालय में 9 से 11 मई तक 9वां राज्य स्तरीय सब-जूनियर कैडेट व जूनियर कराते चैम्पियनशीप का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश के 20 जिलो के लगभग 400 खिलाड़ी शामिल हुए थे। जिसमें राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण, 8 रजत व 4 कांस्य पदक जीता। जिसमें सब-जूनियर बालिका वर्ग में नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, राजनांदगांव की छात्रा अहाना प्रसाद ने 1 स्वर्ण, 1 रजत पदक प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक विजेता के रूप में देहरादून में 11 से 15 जून तक आयोजित राष्ट्रीय कराते स्वर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों खिलाड़ियों ने अपना-अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। जिसमें छग का स्थान 13वां रहा। छात्रा अहाना प्रसाद की इस उपलब्धि पर संस्था के डॉयरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंग, खेल शिक्षक दुर्गेश साहू सहित सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ ने शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विधानसभा सत्र के दौरान आवश्यक जानकारी प्रेषित करने के लिए अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय नोडल अधिकारी नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। छग की षष्टम् विधानसभा का षष्ठम सत्र 14 से 18 जुलाई से आयोजित किया गया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने विधानसभा सत्र राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित प्राप्त विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं सहित अन्य आवश्यक कार्यों की जानकारी समयावधि में छत्तीसगढ़ शासन व आयुक्त भू-अभिलेख एवं आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग को प्रेषित करने के लिए अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर का दूरभाष क्रमांक 07744-223083, मोबाईल नंबर 7067481416 एवं ई-मेल आईडी rajnandgaæn.cg.@gaæv.in है।

## आज साधु भगवंतों का सन सिटी में मंगल प्रवेश





राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में चातुर्मास हेतु पधार रहे साधु भगवन्तों का तीन दिवसीय सन सिटी परिवार में मंगल प्रवेश 27 जून को शाम 4 बजे होगा। कैलाश नगर कांकरिया परिवार से विहार कर संत मुनि शाम 4 बजे यहां पधारेंगे। इनमें प्रमुख रूप से प.पू. विनय कुशल मुनि, प.पू.नंदीषेण मुनि,पन्यास प्रवर वीरभद्र मुनि, म.सा. भव्य मुनि, सोमभद मुनि, सुहस्ती भद्र मुनि, प.पू.हंसभद्र बाल मुनि हैं। इनमें से दो वर्ष पूर्व विराग मुनि ने 171 उपवास किए हैं तथा एक माह पूर्व बाल मुनि दीक्षित हुए हैं। इस पावन कार्यक्रम हेतु सन सिटी के योगा शेड में भव्य तैयारी की जा रही है। जहां रोज सुबह 9 से 10 बजे तक साधु भगवन्तों का प्रवचन व्याख्यान होगा। संत मुनि का सन सिटी में निवास सुभाष कांकरिया जी.के.बी-23 में होगा। कार्यक्रम की पूरी तैयारी आयोजन समिति के संयोजक मिश्रीलाल गोलछा, रमेश ललवानी अध्यक्ष श्री तीर्थंकर समोसरण जिनालय, आनंद चोपड़ा अध्यक्ष, दिलीप गोलछा सचिव महावीर सन सिटी, विनोद बोहरा चेयरमैन महावीर ग्रुप एवं समाज के सभी वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में चल रही है। सन सिटी परिवार ने सभी से अनुरोध किया है। आप सभी पधार रहे साधु भगवन्तों का दर्शन लाभ लेने अवश्य पधारें।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी घुमका जिला राजनांदगांव

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं........बी-121 वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरानिक आ. द्वारिका निवासी ग्राम/शहर जराही प.ह.नं. 15 तहसील घुमका जिला राजनांदगांव पुत्र/पुत्री/माता/पिता/अन्य भाभी व भतीजा सवानाबाई व मुरीतलाल घनाराम के मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 08/03/2005, 10/4/2003 को स्थान जराही पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 30/6/2025 तक लिखित में स्वयं / अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते है बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 16/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय कि मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/06/25
सुनवाई दिनांक 30/06/25

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
घुमका, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-6-0
248-4 800-8
राजधानी
1-5-8
679-2 667-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विजय कुमार सिन्हा पिता स्व. सरजू राम सिन्हा निवासी तुलसीपुर बख्तावर चाल गली नंबर 7, वार्ड नंबर 16 थाना कोतवाली, तहसील व जिला राजनांदगांव ( छ.ग. ) यह शपथ करता हूं कि पूर्व मैं विजय कुमार के नाम से जाना जाता था और मेरे स्कूल के अंक पत्र में भी मेरा नाम विजय कुमार था, लेकिन आज दिनांक से मुझे मेरे नए नाम विजय कुमार सिन्हा के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

भविष्य में मुझे विजय कुमार सिन्हा के नाम से ही जाना पहचाना जाए। जिस हेतु मैं यह शपथ लेता हूँ।

विजय कुमार सिन्हा
पिता - सरजू राम सिन्हा
निवासी - तुलसीपुर
बख्तावर चाल, राजनांदगांव

## रेत की कीमतों पर शासन-प्रशासन का नियंत्रण नहीं - भागवत साहू



**डंप रेत पर मुनाफाखोर काट रहे चांदी विकास निर्माण कार्यों पर लग सकता है ग्रहण**

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि जिले में रेत की कीमतों पर शासन प्रशासन का नियंत्रण नहीं होने से निजी अर्द्धशासकीय व शासकीय निर्माण कार्यों में अड़चने आ रही है उन्होंने कहा कि पुल, पुलिया, गली कंक्रीट कारण, प्रधानमंत्री आवास, निजी आवास आदि के कार्यों में रेत की कीमतें दुगनी होने से काम रुकने लगे हैं अथवा काम शुरू नहीं हो पा रहा है चलते हुए काम रुकने लगे हैं।

श्री साहू ने आगे कहा कि कुछ समय पहले गर्मी के दिनों तक जिले में रेत की आपूर्ति धमतरी और चाराआमा से हो रही थी। अब बरसात लग जाने के कारण वहां की रेत खदाने बंद हो गई है। इधर राजनांदगांव जिले में 5 साल पहले तक दर्जन भर रेत खदान चल रही थी, लेकिन चार-पांच साल से बंद है इस वजह से चोरी छुपे रेत का उत्खनन परिवहन करने वालों ने भारी मात्रा में रेत डंप करके जहां-तहां रखा है अब इस डंप रेट को भारी मुनाफाखोरी करके बेची जा रही है। चार-पांच साल पहले तक 12 हजार व 14 हजार प्रति हाईवे मिलने वाली रेत अब 25 हजार से 26 हजार रुपए प्रति हाईवे बिक रही है। यदि शासन ने रेत की कीमतों पर लगाम नहीं कसा तो शासकीय अर्ध शासकीय व निजी कार्यों के गति पकड़ने पर विराम लग सकता है जिले में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने हैं। गरीबों के प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर रेत के कीमतें बढ़ी होने से ठेकेदार हाथ खींच सकते हैं इस तरह निर्माण कार्यों में बाधा खड़ी होने की आशंका बलवती हो गई है।

**नाम परिवर्तन**

प्रमाणित किया जाता है श्री छबिलाल यादव आ. माहरूराम जाति रावत निवासी धोबेदण्ड तहसील मोहला जिला मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी का निवासी हूँ।

यह कि मेरे पुत्र के नाम वास्तविक नाम देवेन्द्र कुमार यादव आ. छबिलाल यादव वास्तविक नाम है। किन्तु आधार कार्ड में मेरे पुत्र के नाम मुन्ना यादव आ. छबिलाल गलत नाम दर्ज हो चुका है। जिसे आधार कार्ड में सुधार करना चाहते है। जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो वे 15 दिन के अन्दर आपत्ति कर सकता है।

दिनांक 26.06.2025
आवेदक
छबिलाल

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) राजनांदगांव,जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्र.8026/ अविअ/प्रवा-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 27/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मधुदेवी गुप्ता पति मुकेश कुमार गुप्ता निवासी शिवनगर, ढाबा रोड, शांति नगर, वार्ड नं.-11, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम ढाबा, खसरा नंबर 347/9 रकबा 0.0410 हेक्टेयर में से 36.058 वर्ग मीटर व्यवसायिक व 373.942 वर्ग मीटर आवासीय प्रयोजन हेतु आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनाम इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 04/07/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायाल की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

### युगांतर के मानविक का राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के मानविक सेठिया ने राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। देहरादून में आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हजारों खिलाड़ियों के बीच पूरे भारत में तेरहवां स्थान अर्जित किया। इसके पहले मानविक ने राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप के सब जूनियर वर्ग में दो स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में 20 जिले के 400 खिलाड़ियों के बीच राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों ने 12 स्वर्ण, 8 रजत, 4 कांस्य पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप के लिए चयनित हुए। संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक( स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी, कराटे कोच टुकेश्वर चंद्राकर सहित युगांतर परिवार ने छात्र की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## बारिश का पानी भू-गर्भ में जाने घर एवं भवन में वाटर हारवेस्टिंग लगाने नागरिकों से महापौर ने की अपील



राजनांदगांव (दावा)। भू-जल स्तर बढ़ाने एवं वर्षा का पानी भूमि में जाने महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपने घरों प्रतिष्ठानों एवं भवनों में रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की है।

महापौर ने कहा कि हमारे जीवन में जल का विशेष महत्व है। आज पेड़ों की अंधाधुन कटाई एवं शहर व गांव में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण होने से जमीन के अंदर पानी नहीं पहुंच पाता है। जिससे भूगर्भ में जल की कमी हो गई है। जिससे नदी, तालाबों, कुओं, हैण्ड पंपों का जल स्तर कम होता जा रहा है और यही स्थिति रही तो भविष्य में पानी की किल्लत एक विकराल रूप ले लेगी। इस समस्या से निपटने के लिए भूमि में जल स्तर बढ़ाने प्रयास करना होगा। इसके लिए हमे घरों व भवनों में रैन वाटर हारवेस्टिंग लगाना चाहिये। जिससे बरसात का पानी छत व आंगन के माध्यम से नीचे जमीन में जाता है, जो जल स्तर को बढाता है। हैण्डपंप के पास सोक्ता पीठ का निर्माण करना चाहिए। जिससे भी जल स्तर बढ़ता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋतु चल रही है। वर्षा का पानी भूमि में जल स्तर बढ़ाने का अच्छा माध्यम है। इसलिए वर्षा का पानी भूमि में जाने रैन वाटर हारवेस्टिंग जरूर करावे। महापौर ने कहा कि रैन वाटर हारवेस्टिंग के लिए नगर निगम द्वारा भवन निर्माण के समय निगम में राशि जमा कराई जाती है और भवन पूर्णता के पहले हारवेस्टिंग सिस्टम लगने की जांच कर पूर्णता दी जाती है। यदि हारवेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया जाता तो उनकी राशि राजसात कर निगम द्वारा हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने नोटिस दिया जाता है। नहीं लगाने की स्थिति में निगम में जमा एफडीआर राजसात कर उसी राशि से निगम द्वारा संबंधित के घर या भवन में हारवेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है।

महापौर ने सभी घरों व भवनों के मालिको से अपील करते हुए कहा कि इस बरसात वे अपने घरों व भवनों में रैन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगावें। जिससे बारिश का पानी जमीन में जा सके, ताकि जल स्तर बढ़ सके। उन्होंने बताया कि निजी के साथ साथ शासकीय भवनों समाजिक भवनों मे भी रैन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगानी चाहिए। जिससे बारिश का पानी भूगर्भ मे जा सके।

# बख्तावर चाल में चोरी के आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली थाना पुलिस ने शहर के बख्तावर चाल में हुई चोरी सहित नकबजनी के एक और मामले में दो आरोपियों सहित दो अपचारी बालको को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों से दो धटना में चोरी किए सोने चांदी कर जेवरात कीमत 2 लाख 43 हजार रूपये एवं 45 हजार नगदी रकम की जब्ती की है। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त स्कूटी, लोहे के राड़ व पेचकस एवं एक मोबाईल को भी जब्त किया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि तुलसीपुर बख्तावर चाल निवासी प्रार्थी मोह0 शाहरूख खान पिता स्व0 कदीर खान उम्र 32 वर्ष ने गत 11 जून को थाने आकर लिखितआवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह गत दिनों 07 जून की रात्रि करीब 8.00 बजे अपने पूरे परिवार के साथ घर में ताला लगाकर बांधाबाजार अं0 चौकी अपने ननिहाल गया था। अगले दिन रात्रि करीब 10.30 बजे वापस अपने घर बख्तावर चाल वापिस आया तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था घर के भीतर जाकर देखा आलमारियों का लॉक भी टूटा हुआ था सामान विखरा पड़ा था। आलमारी में रखे नगदी रकम 30 हजार रूपये सोने के विभिन्न जेवरात किमती 2 लाख रूपये जुमला किमती लगभग 2,30,000/- रूपये किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है।इस रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलॉफ अप.क्र. 285/25 धारा 331(4), 305 (ए), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### टांकापारा स्कूल के पास गली में हुई चोरी

थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि इसी तरह प्रार्थी बेला प्रसाद पिता स्व. एम.आर. प्रसाद उम्र 72 वर्ष निवासी राज डेन्टल क्लीनिक के बाजू वाली गली टांकापारा वेसलियन स्कूल के पास द्वारा गत 13 जून को थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते दिनों 07 मई को घर में ताला लगाकर अपने परिवार सहित कोयम्बटुर (तमिलनाडु) गये हुए थे। गत 10 जून को इसके पड़ोसी भाई अनुराग शैमुअल ने फोन कर घर एवं आलमारी का ताला को टूटे होने व घर का समान बिखरा पड़े होने की जानकारी दी। इस पर 12 जून को कोयम्बटुर (तमिलनाडु) से वापस घर आकर



**चोरी के एक और प्रकरण में आरोपियों की हुई गिरफ्तारी**

देखे तो घर के दरवाजा एवं अंदर के आलमारी टुटा हुआ था, आलमारी में रखे सोने के विभिन्न जेवरात कीमत 43 हजार रुपए एवं नगदी रकम 15 हजार रूपये कुल कीमत 58,000 रूपये नहीं था। उन्होंने किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। प्रार्थी की इस रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप.क्र. 286/25 धारा 331(4), 305 (ए), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। दोनों धटना की जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर दोनों घटना स्थल में रवाना किया गया।

### सीसीटीवी फुटेज में नजर आए चोर

टीम द्वारा घटना स्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया एवं मुखबीरों से संपर्क पता किया गया। कोतवाली थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि फुटेज में मिले क्लु के आधार पर घटना स्थल से खैरागढ़ की ओर टीम रवाना कर रास्ते में लगे सीसीटीव्ही कैमरे को चेक कराया गया। सीसीटीव्ही कैमरे फुटेज में मिले क्लु के आधार पर आरोपी दीपक बघेल पिता चंदू बधेल उम्र 25 वर्ष निवासी पिपरिया थाना खैरागढ़ जिला केसीजी हाल पता विजय नगर पुराना बाजार चौक फेमस बिल्डिंग के पास गली नं. 08 नागपुर थाना कलमना जिला नागपुर (महाराष्ट्र) व लालचंद उर्फ चंद्रकुमार वर्मा पिता सुदर्शन वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी पिपरिया थाना खैरागढ़ एवं दो अपचारी बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस द्वारा चारों को राजनांदगांव लाकर घटना के संबंध में पूछताछ करने दोनों घटना में सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को चोरी करना स्वीकार किया गया, आरोपियों के कब्जे से चोरी गया जेवरात व घटना में प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक सीजी-08/ए.जेड 5216, लोहे का राड़, पेचकस एवं एक मोबाईल को जप्त किया गया। नगदी रकम को खाने पीने में खर्च कर लेना बताये। आरोपियों के खिलॉफ प्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने गुरुवार 26 जून को विधिवत गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर दो आरोपियों को जिला जेल में तथा दो अपचारी बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह में दाखिल किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री सिंह सहित सायबर सेल प्रभार निरीक्षक विनय पम्मार, सउनि सुमन कर्ष, उप निरीक्षक राधेश्याम जूर्री, सउनि. इसराफिल खान, प्र.आर. चालक मिलन साहू, आरक्षक प्रदुमन पैकरा, अवध साहु, परिवेश वर्मा, प्रख्यात जैन, जोगेश राठौर एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## शहर सहित जिले के थाना प्रभारियों का हुआ तबादला

राजनांदगांव (दावा)। जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा शहर व जिले के थाना प्रभारियों की एक स्थान से दूसरे स्थान पर अदला बदली की है। इस क्रम में डोंगरगढ़ थाना प्रभारी रहे जीतेंद्र वर्मा को डोंगरगांव, बोरतलाव थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह को डोंगरगढ़, डोंगरगांव थाना प्रभारी अवनिश कुमार श्रीवास को थाना प्रभारी बोरतलाव शहर के चिखली चौकी प्रभारी उमेश बघेल को थाना प्रभारी गैंदाटोला व गैंदाटोला थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव को चौकी चिखली का प्रभारी बनाकर भेजा गया है।

## अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में कक्षा दसवीं की छात्रा सानिया सोनकर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया

राजनांदगांव (दावा)। अंग्रेजी, विज्ञान व गणित सहित विभिन्न विषयों में अपनी मेधाविता का परचम लहराने वाले पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ के विद्यार्थियों ने देवभाषा संस्कृत पर भी अपनी मजबूत पकड़ का परिचय दिया है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में कक्षा दसवीं की छात्रा सानिया सोनकर ने स्वर्ण पदक प्राप्त की। प्रतियोगिता में कक्षा 9वी से 10वीं तक के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। आज विद्यालय में प्राचार्य वाय.एस. राव टॉपर विद्यार्थी को प्रशस्ति पत्र एवं



गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। कहा कि हमारे विद्यालय के संस्कृत व्याख्याता डॉ. निरंजन ठाकुर के उत्कृष्ट कार्य एवं विद्यार्थियों के परिश्रम सजगता का परिणाम है कि आज विद्यालय को यह गौरव प्राप्त हुआ है। देवभाषा संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है। इसकी वैज्ञानिकता सर्वविदित है। विद्यार्थियों में इसकी गहन जानकारी और इस दिशा में इस प्रकार की प्रतिभागिता आवश्यक है। विद्यालय परिवार विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। विद्यालय परिवार की ओर से समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

## मनगटा पर्यटन स्थल में पुलिस ने किया कॉम्बिंग गस्त

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस द्वारा चोरी, लूट, झपटमारी जैसे अपराधों में लगाम लगाने के लिए संदिग्ध स्थान व संदिग्धों को चेकिंग की जा रही है। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में थाना सोमनी, घुमका, ओ.पी. सुरगी एवं तुमड़ीबोड प्रभारियों द्वारा अपने दलबल के साथ मनगटा स्थित रिसार्ट, हॉटल, गार्डन आदि को चेक कर संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी की गई। इस अभियान के दौरान आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, पासपोर्ट आदि चेक कर तस्दीक किया गया। वहीं होटल एवं रिसार्ट संचालकों के रजिस्टर चेक किये गये, होटल में ठहरने वाले टूरिस्टों की जानकारी संधारण करने एवं अन्य आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये। इस कार्रवाई में पुलिस द्वारा होटल एवं रिसार्ट संचालकों को अपने संस्थानों में सीसीटीव्ही कैमरा आवश्यक रूप से लगाने हेतु कहा गया है।



### सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की हिदायत

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में आसामाजिक तत्वों की पहचान करने, चोरी,

**रिसार्ट, होटल, गार्डन आदि को चेक कर की गई संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी**

लूट, झपटमारी, चाकूबाजी, नशीले पदाथों की तस्करी आदि की घटना की रोकथाम के लिए 26 जून गुरुवार को थाना सोमनी क्षेत्र के मनगटा पर्यटन स्थल में रा पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गस्त किया गया। इस अभियान में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, प्रभारी अधिकारी थाना सोमनी उनि प्रमोद श्रीवास्तव, थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक बसंत बघेल, प्रभारी ओ.पी. सुरगी निरीक्षक शंकरगिरी गोस्वामी एवं ओ.पी.तुमड़ीबोड प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल द्वारा अपने-अपने दलबल के साथ लगभग 40 पुलिस अधिकारी एवं जवानों द्वारा मनगटा स्थित रिसार्ट, हॉटल, गार्डन आदि को चेक कर संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी की गई, इस दौरान वहां के होटल एवं रिसार्ट संचालकों के रजिस्टर चेक किये गये, होटल में ठहरने वाले टूरिस्टों की जानकारी संधारण करने एवं अन्य आवश्यक दिशानिर्देश उन्हें दिये गये। होटल एवं रिसार्ट संचालकों को अपने संस्थानों में सीसीटीव्ही कैमरा आवश्यक रूप से लगाने हेतु कहा गया, अभियान के दौरान वहां रूके पर्यटकों व घुमने आये लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, पासपोर्ट आदि चेक कर तस्दीक किया गया।

पुलिस द्वारा इन्हें कहा गया कि किसी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। इस प्रकार जिले के अन्य संदिग्ध इलाकों में भी कॉबिंग गस्त एवं चेकिंग का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

## संस्कारधानी सेवा संस्थान ने मागे जिपं सीईओ से 1000 पौधे

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजू डागा, सचिव योगेश खत्री, कोषाध्यक्ष राजकुमार बाफना, आलोक बिंदल, उपाध्यक्ष राजा मखीजा, संजू तेजवानी व वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे ने संयुक्त तौर से जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह को मांग पत्र सौंपकर 1000 पौधों की मांग की है। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी को हरा-भरा बनाने में यह संस्थान प्रतिवर्ष रुचि रखता रहा है। संस्थान द्वारा रोपे गए कई पौधे बड़े होकर लोगों को सुख पहुंचा रहे हैं। संस्थान के पदाधिकारी ने कहा कि उनका



संकल्प है कि करीब 1000 पौधे शहर विभिन्न क्षेत्रों में लगाकर उनका संरक्षण और संवर्धन कर अहम भागीदारी निभाएंगे। उनकी इस मांग पर

**सीईओ ने वन विभाग मुढ़ीपार नर्सरी से पौधे देने परिक्षेत्र अधिकारी को किया निर्देशित**

जिला पंचायत सीईओ ने आश्वस्त किया है कि मिश्रित प्रजाति के छायादार, फूलदार व फलदार पौधे शीघ्र ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे। संस्थान का पत्र प्राप्त होने के बाद जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह ने वन परिक्षेत्र अधिकारी राजनांदगांव को पत्र लिखकर उपलब्धता अनुसार उक्त संस्थान को पौधे प्रदान करने का निर्देश दिया है।

## युवाओं में नेतृत्व कौशल, जनजागरूकता और जिम्मेदार नागरिकता की भावना होगी विकसित

राजनांदगांव (दावा)। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के तहत संचालित यंग इंडियन्स दुर्ग चैप्टर द्वारा छत्तीसगढ़ का पहला 'यंग इंडियन्स पार्लियामेंट' का आयोजन 23 व 24 जून को गायत्री विद्यापीठ, राजनांदगांव में किया गया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव के 8 प्रमुख स्कूलों से 60 से अधिक छात्रों की भागीदारी के साथ संपन्न हुआ। छात्रों ने भारत की संसदीय प्रक्रिया को समझने, चर्चा व बहस में भाग लेने और लोकतांत्रिक निर्णय लेने की प्रक्रिया को अनुभव करने का अनूठा अवसर पाया।



**स्कूल छात्रों के लिए दो दिवसीय मॉक पार्लियामेंट अनुभव**

यंग इंडियन्स के चैप्टर चेयर गौरव अग्रवाल, दुर्ग ने बताया कि छात्रों को पाँच राजनीतिक दलों में बाँटा गया। उन्होंने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। अंततः तीन दलों ने मिलकर गठबंधन सरकार बनाई और प्रधानमंत्री तथा मंत्रिमंडल का गठन किया गया।

कार्यक्रम की गरिमा इन विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति से और बढ़ गई जिसमें सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, गायत्री शिक्षा समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, तरंग खुराना, राष्ट्रीय अध्यक्ष, यंग इंडियन्स उपस्थित रहे। निकुंज सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम की मेज़बानी गायत्री विद्यापीठ, राजनांदगांव द्वारा की गई, जहाँ छात्रों को एक प्रेरणादायक और व्यवस्थित माहौल प्रदान किया गया। अभिषेक सुराना, को-चेयर, यंग इंडियन्स दुर्ग ने बताया कि रायपुर से तीन अनुभवी मॉडरेटर विशेष रूप से वायआईपी में निर्णय हेतु आमंत्रित किए गए थे। प्रतियोगियों में से तनय शर्मा और प्रियल राजा को सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित किया गया। इस सफल आयोजन के पीछे यंग इंडियन्स दुर्ग वायआईपी टीम का विशेष योगदान रहा, जिसमें स्वाति, हर्षिता, वेदांत, ऋषि, अंशिता, गौरव और प्रणय शामिल थे। वायआईपी जैसे आयोजनों के माध्यम से यंग इंडियन्स दुर्ग युवाओं में नेतृत्व कौशल, जनजागरूकता और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित कर रहा है - जो कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## राजनांदगाव ब्लॉक सरपंच संघ का चुनाव हुआ सम्पन्न, जितेन्द्र साहू बने सर्वसम्मति से अध्यक्ष

राजनांदगाव (दावा)। ब्लॉक सरपंच संघ की बैठक बुधवार को राजनांदगाव जनपद पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुआ। बैठक मे ब्लॉक के सभी सरपंच उपस्थित थे। जिसमे संघ के पदाधिकारी का चयन भी किया गया। जिसमे भोथीपार खुर्द के सरपंच जितेन्द्र साहू को सर्वसहमति से अध्यक्ष चुना गया है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष श्रीमती लिसमृता मानिकलाल वर्मा (अमलीडीह), बैधनाथ सिन्हा(मनगटा), हिपेंद्र साहू (सुंदरा), डिल्लू राम साहू (डोडिया) सचिव पुनिता साहू (उपरवाह), सह सचिव अनामिका यादव (मनकी), रमाकांत (जोरातराई) कोषाध्यक्ष मालिखम कोसरे (बासुला),



मिडिया प्रभारी अभिषेक पाटिला (ककरेल), अजित महिपाल (महरूम खुर्द), सोशल मीडिया अक्षय क्षत्रिय कार्यकरणी सदस्य हिना साहू (पदुमतरा), ऐश्वरया साहू (ठाकुरटोला), संतोषी वैष्णव (भाठागांव), प्रभा वैष्णव (भनपुरी), चुनेश्वर साहू (कोपेडीह), लक्ष्मी बंजारे (भर्रेगांव) एवं सरपंचो को संघ के कार्यकरणी के रूप में रखा गया। समस्त पदाधिकारियों को जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा रमेश चंद्राकर, जनपद सीईओ मनीष साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति अनीता सिन्हा द्वारा परिसर के सामने तिलक लगाकर बधाई दिया गया।

## एनबीआईएस बोरी में विश्व स्तरीय कैरियर काउंसिल

**विशेषज्ञ आज शाम एनपीपीएस बल्देवबाग में पालकों से होंगे रूबरू**

राजनांदगांव (दावा)। विद्यार्थी जीवन में सही दिशा ज्ञान का होना बहुत आवश्यक है। दिशा के साथ विषय का चयन करना भी आवश्यक होता है। इसी दिशा को उचित मार्गदर्शन देने के लिए एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के द्वारा बोरी स्थित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल में कैरियर 9 सिलिकॉन वैली यूयस के मार्गदर्शन में कैरियर काउंसिल विशेषज्ञों के द्वारा 26 से 29 जून तक कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के पालकों एवं बच्चों के लिए विषय आधारित काउंसिल की व्यवस्था की गई है।



वाइस प्रेसिडेंट ट्रेनिंग एंड ऑपरेशन गुंजन झा, टैलेंट व्हिस्पर डॉ. मीरा देसाई, रूबल प्रजापति, सई कुलकर्णी एवं सीनियर मैनेजर आफ टेक्नोलॉजी एंड कस्टमर सक्सेस भूवेश शर्मा की टीम द्वारा पालकों एवं बच्चों का मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जहां वन टू वन काउंसलिंग की जा रही है। काउंसिल का उद्देश्य बच्चों के विषय चुनाव पर आधारित है। सही समय में सही निर्णय लेने से सफलता की राह आसान होती है। कैरियर मार्गदर्शन से न केवल विषय चुनाव में मदद मिलेगी। अपितु बच्चे को अपनी वास्तविकता का भी ज्ञान होगा। बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। साथ ही स्पष्ट रूप से विषय चुनाव में सहायता मिलेगी। इसी कड़ी में आज शाम एनपीपीएस बल्देवबाग में 6:30 से 7:30 के बीच पालकों से रूबरू होने के लिए विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

यह कैरियर काउंसलिंग छठवीं क्लास से ऊपर कॉलेज तक के बच्चों के लिए शहर के सभी पालकों के लिए रखी गई है। जिसमें इन विषय विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग के महत्व एवं इसके फायदे की जानकारी पालकों को दी जाएगी, ताकि इसका लाभ उठाने से कोई भी वंचित न हो। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों से आग्रह किया गया है कि इस कैरियर काउंसिल का लाभ लेवें तथा अपने पाल्य के सुंदर सुरक्षित भविष्य का निर्माण करें। सही समय में सही निर्णय ही भविष्य को सही मंजिल तक पहुंचाती है।

## शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने विनोबा टीम और जिला प्रशासन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं ओपन लिंक फाउंडेशन के कंट्री हेड संजय डालमिया द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं परिणाममूलक बनाने के लिए विनोबा एप के माध्यम से निःशुल्क सहयोग शिक्षक सहायता कार्यक्रम के लिए ओएमयू पर हस्ताक्षर किए गए। जिले में विनोबा एप कार्यक्रम लांच किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के नेतृत्व में जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाये गए है। जिले में विनोबा एप प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया है। जिला प्रशासन के शैक्षणिक कार्यक्रमों के बेहतरीन क्रियान्वयन एवं शासकीय स्कूलों की स्थिति सुधारने में विनोबा एप कारगर साबित होगा।

**जिला प्रशासन के शैक्षणिक कार्यक्रमों के बेहतरीन क्रियान्वयन एवं शासकीय स्कूलों की स्थिति सुधारने में विनोबा एप होगा कारगर साबित**



विनोबा एप के तहत मोबाइल एप के माध्यम से भी स्कूलों को आवश्यक सहयोग, जिसमें डेटा संग्रह करने से लेकर परीक्षा के प्रश्न पत्र और शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि के लिए लर्निंग आउटकम की प्राप्ति किस तरीके से समय सीमा में की जा सकती है। जिसके संबंध में जानकारी होगी। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में बच्चों के रिजल्ट को बेहतर करने के लिए इस एप के माध्यम से क्या सहयोग मिलेगा की। साथ ही इस एप के माध्यम से बच्चों में छात्रवृत्ति परीक्षाओं को लेकर उनकी तैयारी तथा जेईई और नीट की तैयारी बेहतर तरीके से परिणाममूलक करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। एप पर एक क्लिक के साथ ही यह एप शिक्षकों को उपलब्ध हो जाएगा। यह कार्यक्रम केवल शासकीय स्कूलों के लिए निःशुल्क सुविधाएं ओपन लिंक फाउंडेशन विनोबा एप के माध्यम से प्रदाय की जा रही है, जो जिले के कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के प्रयास से संभव हो पाया है। कार्यक्रम के लिए जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहरे, सहायक कार्यक्रम समन्वयक मनोज मरकाम, समग्र शिक्षा एवं ओपन लिंक फाउंडेशन जितेंद्र सिंह तथा हेमंत साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में किए जा रहे इस नवाचार में सभी शिक्षकों को अधिक से अधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया है। इस एप के माध्यम से बच्चों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा तथा परिणाम को बेहतर करने तथा प्रवेश परीक्षाओं में अच्छा स्थान प्राप्त करने के लिए एप के उपयोग किए जाने की अपील की है। समय-समय पर इस एप के माध्यम से समीक्षा बैठके भी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा की जाएगी और इन बैठकों में इस एप के माध्यम से जो भी परिणाम प्रदर्शित होंगे। उसे डाटा के आधार पर प्राचार्यो, संकुल समन्वयकों, विकासखंड अधिकारियों की समीक्षा की जाएगी। एप के माध्यम से डाटा संग्रहण एवं तमाम आवश्यक सहयोग शिक्षकों को उनके गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिए प्रदान किया जा रहा हैं। जिसकी शुरुआत राजनांदगांव जिले में कर दी गई है। साथ ही इस क्रम में आज जिले के सभी विकासखंडों में दो-दो पारियों में विनोबा एप्प का रजिस्ट्रेशन एवं उसके उपयोग के संबंध में सभी स्कूलों के शिक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षित भी किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि विनोबा एप के माध्यम से समग्र विकास पर बल देते हुए आधारभूत साक्षरता एवं अंक गणित की समझ विकसित की जाएगी। छात्रवृत्ति स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए प्रेक्टिस टेस्ट, जेई-नीट के लिए मार्गदर्शन के साथ ही कविताएं-कहानियां एवं पढ़ाई को प्रेरित करना, स्पेलिंग सीखना स्पोकन इंग्लिश, किचन गार्डन, पर्यावरण क्लब, स्वास्थ्य जागरूकता, वित्तीय साक्षरता, पर समझ विकसित की जाएगी। विनोबा एप शिक्षकों से कनेक्ट रहेगा। जहां शिक्षक अपने अनुभव शेयर कर सकेंगे। यह एप शिक्षकों को मदद करेगा एवं प्रेरित करेगा। विनोबा ऐप के माध्यम से बच्चों एवं स्कूलों को विभिन्न सुविधाएं मिलने जा रही है। जिसमें अलग-अलग विषयों के शिक्षकों के वीडियों विशेष टॉपिक पर उस विशेष कंटेंट्स पर कठिन अवधारणाओं की समझ बनाने के लिए विभिन्न विषय विशेषज्ञों के कंटेंट वीडियो और इस तरह से विभिन्न सोर्सेस एप के माध्यम से उपलब्ध कराये जाएंगे। साथ ही इस एप के माध्यम से प्रत्येक महीने बेस्ट शिक्षक को पुरस्कृत किया जाएगा।

## अधिवक्ता आशीष गंगवानी बने छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर एसो. के कानूनी सलाहकार



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के द्वारा नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें छग उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आशीष गंगवानी को कानूनी सलाहकार का पद सौंपा गया हैं। इस पर अधिवक्ता श्री गंगवानी ने छग जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है। उसका मैं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। साथ ही जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडो) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह ने कहा कि कानूनी मामलों में आपकी विशेषज्ञता और न्याय और सार्वजनिक सेवा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता निस्संदेह हमारे संगठन के लिए बहुत मूल्यवान होगी। हमें विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन और समर्थन के तहत एसोसिएशन पारदर्शिता, जवाबदेही और समाजसेवा के मूल्यों को बनाए रखना जारी रखेगी। प्रदेश सिंधी समाज के वरिष्ठजनों ने भी अधिवक्ता आशीष गंगवानी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राज्यपाल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, जल आपूर्ति, खेती और स्व-सहायता समूहों पर दिया विशेष जोर



## राज्यपाल ने गोद ग्राम सोमपुरी के विकास कार्यों की समीक्षा की

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका दो दिवसीय दौरे पर खैरागढ़ पहुंचे। उन्होंने पहले दिन बुधवार को खैरागढ़ पहुंचते ही अपने प्रवास के दौरान उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक लेकर गोदग्राम सोनपुरी के विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। राज्यपाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन जैसे बुनियादी योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचना चाहिए। यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### खेती और प्रोसेसिंग पर बल

राज्यपाल रमेन डेका ने ग्राम सोनपुरी में टमाटर की खेती की संभावनाओं को देखते हुए बाड़ी में टमाटर उत्पादन करने कहा। उन्होंने कहा कि 'टमाटर के अधिक उत्पादन को देखते हुए उसकी प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना जरूरी है, ताकि किसानों को बेहतर मूल्य मिले और फसल की बर्बादी न हो।'

### शत-प्रतिशत योजना लाभ का निर्देश

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत कार्ड बनाए जाएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए।

### जल जीवन मिशन के तहत नल-जल पहुंच सुनिश्चित करें

जल जीवन मिशन की प्रगति पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने सोनपुरी में प्रत्येक घर तक नल से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल स्रोतों की सततता बनाए रखने के लिए वर्षा जल संग्रहण, सोखता गड्ढे और पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण जैसे उपायों को प्राथमिकता देने को कहा।

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का आह्वान

राज्यपाल ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत सभी शासकीय भवनों जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन और स्वास्थ्य केंद्रों में अधिकाधिक वृक्ष लगाने का आग्रह किया। उन्होंने इसे पर्यावरण और मातृत्व दोनों से जुड़ी एक संवेदनशील पहल बताया।

### शिक्षा में ड्रॉप आउट रोकने निर्देश

शिक्षा विभाग से स्कूल छोड़ चुके बच्चों की जानकारी लेते हुए राज्यपाल ने ऐसे बच्चों को दोबारा विद्यालय से जोड़ने के लिए ठोस पहल करने को कहा। उन्होंने ग्रामीणों को साक्षर बनाने की भी अपील की, ताकि वे कम से कम अपना नाम लिख सकें।

### महिला समूहों की सराहना

राज्यपाल ने स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि समूहों को आवश्यक संसाधन एवं प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी आर्थिक स्थिति को और सशक्त किया जाए। राज्यपाल डेका ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तीन माह के भीतर ग्राम सोनपुरी में चल रहे समस्त विकास कार्यों की पुनः समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी योजना में कोई कमी या बाधा पाई गई तो उसे तत्काल दूर करते हुए गुणवत्ता युक्त कार्य सुनिश्चित किया जाएगा।

### दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु निर्देश - राज्यपाल

राज्यपाल रमेन डेका ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खासकर मोटर सायकल दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई और जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने शहर में भारी वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए वाहन मालिकों को अपने चालकों को समझाईश देने को कहा। साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां सुरक्षा उपाय जैसे स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड आदि लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पर उप सचिव हिना अनिमेष नेताम, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, वन मण्डलाधिकारी अधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# संस्था का प्रयास केवल उपचार नहीं, बल्कि पूर्ण जीवन पुनर्निर्माण - डॉ. योगेश कन्नौजे



## विश्व नशामुक्ति दिवस पर नशामुक्ति केंद्र राजनांदगांव में जागरूकता कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

राजनांदगांव (दावा)। विश्व नशामुक्ति दिवस के अवसर पर गुरुवार को एकीकृत पुनर्वास केंद्र (नशामुक्ति केंद्र) राजनांदगांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना से हुई। जिसमें केंद्र में उपचाररत पुराने मरीजों ने भी भाग लिया। इसके बाद मुख्य अतिथियों का पारंपरिक तरीके से पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. योगेश कन्नौजे उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में संस्था अध्यक्ष शिशुपाल खोब्रागड़े और वरिष्ठ स्टाफ सदस्य नागेश मुंजारे की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान केंद्र के समन्वयक अरविंद मेरावी ने पुनर्वास केंद्र की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था का प्रयास केवल उपचार नहीं, बल्कि पूर्ण जीवन पुनर्निर्माण है। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने नशे की गिरफ्त से बाहर निकलकर जीवन की नई राह पकड़ी। वक्ताओं ने नशा मुक्ति के लिए चिकित्सा परामर्श, वैज्ञानिक उपायों और आत्म-संकल्प को जरूरी बताया।

अपने संबोधन में डॉ. कन्नौजे ने कहा कि नशा चाहे किसी भी प्रकार का हो - शराब, तम्बाकू, गांजा या अन्य मादक पदार्थ यह शरीर, मन और आत्मा को खोखला कर देता है। इससे न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र भी प्रभावित होता है। इससे बचाव के लिए जन-जागरूकता और चिकित्सा सहयोग अनिवार्य है।

संस्था अध्यक्ष शिशुपाल खोब्रागड़े ने समाज में बढ़ते नशे के प्रकोप पर चिंता जताते हुए कहा कि नशा धीरे-धीरे शरीर को खोखला और आत्मा को अंधकार में ले जाने वाला धीमा जहर है। जिस युवा पीढ़ी को देश की नींव बनना था, वह नशे की गिरफ्त में है। इसे रोकने के लिए हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा।

कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए केंद्र प्रबंधक अरविंद मेरावी एवं उनकी टीम को सराहना मिली। अंत में उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से नशा न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने का संकल्प लिया। इस प्रेरणादायी आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास को बल देना रहा।

# पहला कॉलम...

## ग्राम पंचायत मोहड़ में स्वच्छता अभियान चला, लिया संकल्प



डोंगरगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 26 जून गुरुवार को ग्राम पंचायत मोहड़ के बाजार क्षेत्र में फैली गंदगी को देखते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। इस स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से उपसरपंच अंकुश देवांगन, ग्राम सचिव व स्वच्छता दीदी के साथ गणमान्य नागरिक स्वच्छता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान सभी के सहयोग से यह अभियान सफल रहा तथा ग्राम को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया।

## ग्राम जनकपुर (उमरवाही) में अतिरिक्त कक्ष के लकार्पण कार्यक्रम में किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई



छुरिया (दावा)। जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ग्राम जनकपुर में शासकीय प्राथमिक शाला के अतरिक्त कक्ष के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुई। साथ ही इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य भी उपस्थित रहे। अवसर पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि राज्य के विष्णुदेव साय की सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य के दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। यहां अतरिक्त कक्ष के निर्माण से निश्चित रूप से विधार्थियों को लाभ होगा। विघालय शिक्षा का मंदिर होता है। निश्चित रूप से यहां सिखने का नया अवसर प्राप्त होता है। छग की विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अब कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन न रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रयास कर रहे हैं, जिससे शिक्षा का बेहतर वातावरण बने। साथ ही इस अवसर पर जनपद सदस्य हरीला चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष हिरदे देवांगन, देवारू मालेकर पूर्व जनपद सदस्य, संरपच रामाधीन रावटे, ईश्वरी निर्मलकर, सुमित मंडावी, ईश्वरी प्रसाद साहू सचिव व समस्त पंचगण व शिक्षकगण समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नव चयनित मितानीनों की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव में चयनित मितानिन का विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। इस गरिमामय आयोजन में कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा दिशा निर्देशों की सूचना बैठक एवं कार्यशाला के माध्यम से सभी मितानिन बहनों एवं प्रेरक तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बहनों को जानकारी दी गई। इस जानकारियों में प्रमुख रूप से किशोरी बालिका पूर्ण टीकाकरण, गर्भवती माता संस्थागत प्रसव, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु, मलेरिया, टीवी, फाइलेरिया, कुष्ठ एवं अन्य महामारी तथा ऑनलाइन पंजीयन के संदर्भ में विधिवत विचार हुआ है। उक्त बैठक एवं कार्यशाला सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव द्वारा डीपीएम संदीप ताम्रकार के सहयोग द्वारा किया गया। इस बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमें सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों का डेमोंसट्रेशन जुलाई माह में डोंगरगांव नगर में चौपाल एवं पोर्टल का लाइका कार्यक्रम के माध्यम से किया जाना है। जिसमें ब्लॉक की सभी 300 मितानीन तथा अपनी व्यवस्था से एकत्र होगी। जिसकी विधिवत जानकारी सीएमएचओ एवं डीपीएम से चर्चा करने के पश्चात तिथि का निर्धारण होगा। सात बिंदुओं पर सभी मितानिन बहनों से तीन माह की जानकारी उचित माध्यम से देने के लिए कहा गया है। बैठक सुमित धनकर, प्रमिला उइके, जानकी निषाद सीमा वैष्णव, नीलिमा सिंह, जुगन साहू, गीता वैष्णव, रानी ठाकुर, अमृता सलामे सहित बड़ी संख्या मितानिन एवं संबंधितजन उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल भोलापुर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



## प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

छुरिया (दावा)। नए शिक्षा सत्र की शुरुआत को एक उत्सव के रूप में मनाते हुए 23 जून को शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल भोलापुर में शाला प्रवेश उत्सव वृक्षारोपण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमति किरण रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव द्वारा आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। स्कूल खुलने के बाद बच्चों में उत्सव और खुशी दिखी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को स्कूलों में रोली टीका लगाने सहित माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। जहां बच्चे उत्साह के साथ शाला में प्रवेश किए। इस दौरान निःशुल्क किताब और स्कूल गणवेश भेंट किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रप्रकाश मोटघरे जनपद सदस्य किरगाहाटोला, नकुल राम नेताम अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति भोलापुर, सोहन साहू अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मंडल छुरिया, श्रीमती चमेली बाई ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत भोलापुर, कीर्तन साहू सरपंच ग्राम पंचायत पांडेटोला, मोहित राम सिन्हा ग्राम पटेल भोलापुर, खोमेश साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत भोलापुर, पूर्णानंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर, शिशुपाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति भोलापुर उपस्थित थे।

कार्यक्रम में श्रीमति किरण वैष्णव ने शाला में अच्छे नंबरों से पास करने वाले प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार वितरण के बाद बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज शाला प्रवेश अभाव में शामिल बच्चे उत्साहित है कि अब उन्हें पढ़ने के लिए नियमित तौर पर स्कूल आना है। शाला प्रवेशोत्सव से बच्चों के मन में उत्साह का संचार होता है। स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। उनहोंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों को शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है। स्कूल में बच्चों को समुचित ज्ञान मिलता है। इह दृष्टिकोण से सभी शालाओं में बुनियादी सुविधा एवं शिक्षकों की उपलब्धता सुनिशित करना है। शिक्षा के राह में आने वाली बाधा को सभी को मिलकर दूर करेंगे। देश में शिक्षा के क्षेत्र में समस्त अधोसंरचना और सुविधाओं का विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है। इस महाअभियान में हर किसी का सहयोग सर्वमान्य होगा। हम अपने बच्चों का भविष्य खूबसूरत से संवारेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को पाने के लिए हम सभी प्रयास करेंगे और इस प्रवेश उत्सव के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में सुविधानुसार एवं शतप्रतिशत बच्चों को शाला में प्रवेश दिलायेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश मूदघरे ने नव-प्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर पढ़ने और स्कूल का नाम रोशन करने की बात कही। साथ ही हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी में उत्कृष्ट अंकों से परीक्षा पास करने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों को भी मन लगाकर बच्चों को पढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर हेम साहू, पंचराम साहू, यादवराम साहू, गोपी देवांगन, यशवंत पवार, विष्णु साहू, नंदलाल सांगवी हृदय राम साहू, नोहर साहू, विजय सिन्हा, भोजेश चतुर्वेदी, फगवा राम, सोमेश साहू, सुरेश साहू, टीकम पाण्डेय, टीकम देवांगन, प्राचार्य कमलेश्वर देवांगन, कन्हैया टेमरे, रमेश मंडलोई, नेहरू बंजारे, मोटघरे सर, हुमन ठाकुर, किटटू साहू सहित शिक्षकगण, ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनबोध चतुर्वेदी व आभार प्रदर्शन साला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिशुपाल साहू ने किया।

## आशीष डोंगरे ने पूर्व सांसद अभिषेक को बताई स्कूल की समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। शहर की शासकीय प्राथमिक शाला लखोली बालक-बालिकाओं में व्याप्त समस्याओं को लेकर भाजपा के प्रदेश मंत्री आशीष डोंगरे ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से मुलाकात की। कैंप हाउस में मुलाकात के दौरान श्री सिंह ने श्री डोंगरे को अस्वस्थ किया कि स्कूल की समस्याएं हल करने पूरी कोशिश की जाएगी।

# रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में प्रवेश उत्सव मनाया गया





छुरिया (दावा)। वनांचल में अंग्रेजी माध्यम शिक्षा का अलख जगाए रखने वाली एकमात्र संस्था रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में 26 जून से नए सत्र के आगाज के साथ बहुत ही धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया। संस्था के प्रशासक संजय बहादुर सिंह ने नए सत्र के शुभारंभ पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि यह संस्था उत्तरोत्तर प्रगति करेगी एवं सभी प्रकार की सुविधा यहां प्रदान की जाएगी तथा उन्होंने अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर जन्मेजय बहादुर सिंह ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्जवल भविष्य की नींव है और समाज की प्रगति का मूल आधार भी है।

इस उपलक्ष्य में शाला के प्राचार्य गोपाल साहू एवं शाला प्रभारी श्रीमती शारदा सिंह गौर एवं अन्य सदस्यों ने मिलकर सरस्वती की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर शाला में प्रवेश कराया, उसके बाद बारी-बारी से सभी अध्यापकों ने बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। सत्र के पहले ही दिन इस स्वागत को देखकर बच्चे बहुत खुश हुए एवं इस संस्कारमय कार्यक्रम को देखकर अभिभावक बहुत अभिभूत हुए एवं उन्होंने संस्था की भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रवेश उत्सव पर कराए गए श्लोक उच्चारण और प्रार्थना से सभी में नई ऊर्जा का संचार हुआ वैदिक ज्ञान और संस्कृति की शिक्षा से प्रेरित होकर सभी अध्यापकों एवं छात्रों ने भी जीवन में बेहतर कार्य करते रहने का प्रण लिया।

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जे.बी.सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, अकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई. के. वैष्णव ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए नए सत्र के प्रारंभ के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था की सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारंभ है अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने पाल्य को शीघ्र प्रवेश दिलाए।

# हत्यारी कांग्रेस ने आपातकाल में संविधान की हत्या की - विजेन्द्र सिंह ठाकुर



डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 1975 में भारत में घोषित आपातकाल को 'काला अध्याय' या 'काला धब्बा' माना जाता है। यह 21 महीने तक चला, 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक।

इस दौरान, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आंतरिक अशांति का हवाला देते हुए आपातकाल की घोषणा की, जिसके कारण नागरिक स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध लगे और सरकार ने आदेश द्वारा शासन किया।

विजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा है कि, आपातकाल की घोषणा 25 जून 1975 को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर की थी।आपातकाल की घोषणा कर इंदिरा गांधी सरकार ने देश में 'आंतरिक अशांति' को आपातकाल का कारण बताया। आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाया गया।

प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई, विरोध प्रदर्शनों पर रोक लगा दी गई, और कई विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। सरकार ने आदेशों द्वारा शासन किया, जिससे लोकतंत्र कमजोर हुआ।

आपातकाल के दौरान, संजय गांधी के नेतृत्व में परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया गया, जिसके कई विवादास्पद पहलू थे। 1977 में आम चुनाव हुए, जिसमें इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद आपातकाल समाप्त कर दिया गया।

श्री ठाकुर ने कहा आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काला अध्याय माना जाता है, क्योंकि इसने नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों को गंभीर रूप से प्रभावित किया था।

# 1947 की आजादी को इंदिरा ने छीना 1977 जेपी अटल आडवाणी ने फिर दिलाई आजादी




## छुईखदान मंडल भाजपा ने संविधान हत्या दिवस मनाया, गोष्ठी का हुआ आयोजन

छुईखदान (दावा)। भाजपा छुईखदान मंडल द्वारा संविधान हत्या दिवस की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंडल मुख्यालय में एक गरिमामय कार्यक्रम प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आपातकाल के काले दिनों को याद किया और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवनीत जैन तथा जिलामंत्री जैनेंद्र जंघेल रहे। घम्मन साहू ने 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात बताया। इंदिरा कांग्रेस सरकार का दमनकारी निर्णय जिसने मातृ वंदना, पत्रकारिता, विरोध में उठने वाली हर आवाज का दमन किया। हजारों लोगों को जेल में बंद किया वो भी केवल स्वार्थ और सत्ता के लोभ में इसे देश काले अध्याय के रूप में हमेशा याद रखेगा।

इस अवसर पर बोलते हुए नवनीत जैन ने कहा कि देश की नई पीढ़ी को यह जानना आवश्यक है कि जब सत्ता की खातिर लोकतंत्र पर ताले जड़े गए। तब जयप्रकाश नारायण ने विचारों से उन तालों को तोड़ा। सलाखें उनके आजाद विचारों को कैद नहीं कर सकीं। शरीर भले टूटा हो, लेकिन लोकतंत्र को फिर से जीवित करने का संकल्प कभी नहीं टूटा। आज हम जो आजादी महसूस कर रहे हैं। वह 1947 वाली नहीं, बल्कि 1977 वाली है। यह स्वतंत्रता जेपी, अटल, आडवाणी जैसे नेताओं और हजारों लोकतांत्रिक सेनानियों के संघर्ष से प्राप्त हुई है। इसे जोर देकर कहा कि यह सच्चाई बार-बार बताने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ी लोकतंत्र की असली कीमत और इतिहास को ठीक से समझ सके। इस जोश विरोध से भरे कार्यक्रम का पूरा संचालन मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर ने किया।

इस आयोजन में वरिष्ठ कार्यकर्ता आनंद सिन्हा, जैनेंद्र जंघेल ज्ञान यादव, रामसुख साहू, कृष्णकांत महोबिया, अशोक पाल, दिना जांघेल, पार्षद पन्ना मंडावी, अशोक साहू, नेतराम पाल, बलराम जांघेल, सन्नी महोबिया, महावीर जैन, नरेश वर्मा, आनंद ठाकुर, ठाकुर राम, धनी पाल, राजू उइके, शुभम विश्वास, लोकेश सांखला, सुरेंद्र तिवारी, तुलसी यादव, गिरीश श्रीवास, डोमार चंदेल, दाऊ राम, कमलेश साहू, नवीन चंद्राकर सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के सम्मान में जयघोष किया तथा 'इंदिरा सरकार मुर्दाबाद' और 'कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद' के नारे लगाकर लोकतंत्र विरोधी कृत्यों का विरोध दर्ज कराया।

# शिक्षा ही समाज और देश के विकास का आधार है - विधायक श्रीमती बघेल



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुईं। यह उत्सव नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ और विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए आयोजित किया गया था। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने इस अवसर पर उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश के विकास का आधार है।

कार्यक्रम के दौरान, विधायक ने नए प्रवेश लेने वाले बच्चों को पाठ्य पुस्तकें और शिक्षण सामग्री भी वितरित कीं। उन्होंने स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। शाला प्रवेश उत्सव में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। चन्द्रिका मंडावी, दयालु वर्मा, नोहर वर्मा, पंतराम वर्मा, कीर्तन वर्मा, भोजराम वर्मा, मोरजध्वज वर्मा, नेतराम वर्मा, सुकराम वर्मा, टूमन वर्मा, राकेश वर्मा, कैलाश साहू, भगवते वर्मा, रामकुमार वर्मा, तुलेश्वर साहू, खेमलाल वर्मा, रुखमणि साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों के साथ जनप्रतिनिधियों ने किया योग



हरदी (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग का विशाल आयोजन किया गया। जिसमें बहुत अधिक संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, पालक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। विशेष रूप से किशोरी साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विवेक वैष्णव मंडल अध्यक्ष देवरी, रमेश सोनवानी उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जिला बालोद, टूमन साहू जनपद पंचायत सदस्य, दुलारी देवांगन जनपद सदस्य डौंडीलोहारा, शिव धर्मगुडे मछली बोर्ड के प्रदेश मंत्री, रामप्रताप व राम लाल नायक उपाध्यक्ष मंडल देवरी, उत्तम साहू पूर्व सरपंच टटेंगा, पोषण देवांगन पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष, शुभम देवांगन मंत्री भाजयुमो जिला बालोद, शेखर उर्वशा अध्यक्ष एस एम डी सी प्रा शा टटेंगा, जागेश्वर, देवेंद्र, पुरुषोत्तम उर्वशा विधायक प्रतिनिधि, पुरुषोत्तम वासनिक, रीखी राम साहू, सरपंच टटेंगा दीप्ति साहू, इंद्राणी हिरवानी, ममता साहू, प्राचार्य आरके देवांगन, पू. मा. शाला प्रधानपाठक डीके मोहनमाला और प्रा शा प्रधान पाठक लिखन राम सरपा, संकुल समन्वयक लीलेंद्र देवांगन के साथ पूरा स्टाफ शामिल हुआ।

इस दौरान हर्षा देवांगन एवं मोहनमाला के द्वारा विभिन्न योगाभ्यास जिसमें ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, त्रिकोणासन, वज्रासन, मकरासन, वृक्षासन, ताड़ासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम का अभ्यास कराए गए।

व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि अंत में शाला विकास समिति के अध्यक्ष टुमन साहू ने योग दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी और कहा कि योग का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। योग का अर्थ होता है,जोड़। योग से व्यक्ति अपनी सारी इंद्रियों को अपने वश में कर लेता है अर्थात अपनी आत्मा से जोड़ लेता है, तो उसे परमानन्द की प्राप्ति होती है। वह मन वचन कर्म से पवित्र हो जाता है। अंत में उन्होंने सभी के लिए सुख शान्ति की कामना की। प्राचार्य आरके देवांगन ने कहा कि योग का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। योग से व्यक्ति अपनी सारी इंद्रियों को अपने वश में कर लेता है अर्थात अपनी आत्मा से जोड़ लेता है, तो उसे परमानन्द की प्राप्ति होती। कुछ विद्वान वैदिक मंत्रों की रचना में योग के सतत अभ्यास की भूमिका की भी बात कहते हैं। जिसे पतंजलि ने ऋतुम्भरा प्रज्ञा कहा है। इस कार्यक्रम में चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे, वेद प्रकाश साहू, चंद्रभान देवांगन, नेहा साहू, गायत्री देवांगन, खोमिन साहू, संजय साहू, लीकेश्वरी भंडारी के बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत ग्राम मोहड़ में श्रमदान से किया जा रहा सोख्ता गड्ढा निर्माण

राजनांदगांव (दावा)। मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम मोहड़ में बारिश के पानी के संचय एवं भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों के आवास में श्रमदान से सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राही गंगूराम, टेमनलाल, श्रीमती चंद्रिका के आवास में सोख्ता गड्ढा निर्मित किया गया। साथ ही आवास में आम, जाम और आंवला फलदार पौधों का रोपण की किया गया। उल्लेखनीय है कि मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में मॉडल के रूप में न्यूनतम दो सोख्ता गड्ढा का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवास के छत से पाईप के माध्यम से जोड़ते हुए कराया जा रहा है। सोख्ता गड्ढा का निर्माण कम से कम 3×3 फीट के आकार का एवं अधिकतम 4×4 फीट के आकार का निर्मित किया जा सकता है। जिसमें विधिवत रूप से बोल्डर, पत्थर, ईट, रेत अन्य आवश्यक सामग्री का भराव अनिवार्य रूप से कराया जा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। गत दिनों 16 से 21 जून तक राष्ट्रीय सेवा योजना मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक राजनांदगांव द्वारा संस्था परिसर में किया गया। इसके समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुषमा गुप्ता जिला संयोजक महिला योग समिति राजनांदगांव, मंजुला तिवारी अध्यक्ष पतंजलि योग समिति राजनांदगांव, देलेन्द्र राजपूत अध्यक्ष जिला योग ध्यान समिति राजनांदगांव एवं योग शिक्षिका के रूप में सुनीता राजपूत, सरिता बॉस, प्रतिमा चौधरी एवं मीना देवांगन उपस्थित हुए। जिन्होंने विभिन्न योग विधाओं से संस्था की छात्राओं एवं स्टाफ को अवगत करवाया। साथ ही योग को अपनी दैनिक गतिविधि में शामिल करने से होने वाले विभिन्न महत्व के बारे में बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य डॉ. एम.के. चौबे ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं शिविर के दौरान बताए गए योग विधाओं से छात्राओं को होने वाले लाभ के बारे में ध्यान आकर्षित किया एवं पतंजलि योग समिति राजनांदगांव एवं महिला योग समिति जिला राजनांदगांव को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए योग प्रशिक्षण से विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण एवं लाभदायक परिवर्तन अवश्य ही होगा।

डॉ. मृदुल रतन चौरसिया विभाग अध्यक्ष सीडीडीएम ने भी योग समिति के संपूर्ण टीम को उनके द्वारा निःशुल्क किए जा रहे योग शिविर हेतु उनकी सराहना की। साथ ही उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। संपूर्ण कार्यक्रम में संस्था के समस्त व्याख्यातागण एवं छात्राएं उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन एवं क्रियान्वयन मोनिका दास जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना राजनांदगांव एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक राजनांदगांव द्वारा किया गया।

## नाबालिको के पास के हथियार, पास गांव के बच्चों डराया, थाने में हुआ समझौता



डोंगरगांव (दावा)। स्कूली बच्चों में बढ़ता गुस्सा और सहनशीलता की कमी से लगातार बाल अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है. शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भी अनेक मामले सामने आ रहे हैं. हालांकि अनेक मामले मान मनौव्वल में समाप्त हो जा रहे हैं किन्तु बाल मन में अपराधों को लेकर डर भय बिल्कुल समाप्त हो चला है और समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाया गया तो यह पूरे समाज के लिए काफी घातक होगा.

इसी क्रम में डोंगरगांव थाने में नाबालिगों के द्वारा आपराधिक कृत्य करने का मामला पहुंचा और आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्यवाही की मांग लेकर काफी हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार मामला गुरुवार 26 जून का है जब डोंगरगांव करियाटोला के कुछ नाबालिग लड़के पास के गांव कोहका के कुछ लड़कों को धारदार हथियार लेकर दौड़ाया। कोहका के ग्रामीणों का कहना है कि इन लड़कों के द्वारा पहले भी ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया है साथ लड़कियों के साथ भी छेड़खानी किये जाने की बात सामने आई है. मामला बिगड़ते देख थाना स्टाफ ने बच्चों को फटकार लगाई और पालकों को भी कड़े लहजे में हिदायत दी है कि ऐसी घटना दोबारा ना हो। इधर दोनो पक्षों ने समझदारी दिखाते हुए फिलहाल गलती स्वीकार की और दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की बात पर समझौता हुआ है।

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न





रायपुर (दावा)। कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन मुख्यालय अरण्य भवन नवा रायपुर में मुख्यालय कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष चुनाव में चार उम्मीदवार ने प्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। जिसमें जागेश्वर भट्ट को सर्वाधिक 123, श्रीमती निशा यादव को 52, प्रवीण कुमार सिंह को 20 तथा अनीश कुटारे को 16 मत प्राप्त हुआ। अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में कुल 223 मतदाता में से 212 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। निर्वाचन मंडल में श्रीमती रीना मैथ्यूज, आनंद रविन्द्र, ननकेश्वर, हेमंत देशलहरे, राकेश पटेल शामिल रहे। जागेश्वर भट्ट 71 मतों से विजय घोषित किये गए। शांतिमय हुए इस चुनाव के लिए निर्वाचन मण्डल ने मतदाता का आभार माना।

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष का चुनाव में विजय हुए जागेश्वर भट्ट को अधिकारी कर्मचारी-फेडरेशन फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बधाई दी है। उन्होंने श्री भट्ट को अपने दायित्वों के साथ कर्मचारी हित में कार्य करने हेतु अग्रिम बधाई दी है। नवा रायपुर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक संतोष वर्मा ने नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री भट्ट को बधाई देते हुए संगठन एवं फेडरेशन को मजबूती प्रदान करते हुए निरंतर कर्मचारी हित में कार्य करने का संदेश दिया है।

## विश्वविद्यालय में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए अभिरुचि परीक्षा प्रारंभ



**शुक्रवार 27 जून तक आयोजित होगी अभिरूचि परीक्षा**
**सोमवार 30 जून को जारी होगी चयनित विद्यार्थियों की सूची**

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा के निर्देशानुसार प्रभारी कुलपति प्रो. राजन यादव के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिये अभिरूचि परीक्षा प्रारंभ हो गई है। पहले दिन 24 जून को अभिरुचि परीक्षा दिलाने हेतु विद्यार्थियों की भीड़ लगी रही। प्रथम दिन संगीत संकाय में हिन्दुस्तानी गायन, तबला एवं तंत्रीवाद्य की अभिरुचि परीक्षा ली गई।

इसी तरह नृत्य संकाय में कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी नृत्य विभाग में बीपीए प्रथम सेमेस्टर, प्रथमा/ मध्यमा/ विद/ कोविद प्रथम वर्ष डिप्लोमा, दृश्यकला संकाय अंतर्गत बीवोक (अपैरल डिजाईन) एवं बीएफए प्रथम सेमेस्टर तथा कला संकाय में बीपीए व एमपीए (थियेटर), बीए व एमए (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व) विषय के विद्यार्थियों ने अभिरूचि परीक्षा दिलाई। अभिरूचि परीक्षा शुक्रवार 27 जून तक आयोजित होगी। प्रथम अभिरूचि परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की सूची सोमवार 30 जून को जारी की जायेगी। जिसके बाद चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश शुल्क 1 से 10 जुलाई तक जमा किया जाएगा। अभिरूचि परीक्षा के प्रथम दिन कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी व सहायक कुलसचिव विजय कुमार सिंह ने संकायों तथा विभागों का निरीक्षण किया और शांतिपूर्ण अभिरूचि परीक्षा संपन्न कराने की बात कही।

## वायु सेना अधिकारियों ने अग्निवीर भर्ती की तैयारी को लेकर विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन किया



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा वायुसेना अग्निवीर भर्ती को लेकर पीएम डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया।

छात्र-छात्राओं को भारतीय वायु सेना में 'अग्निवीर' भर्ती की तैयारी के संबंध में वायु सेना के अधिकारियों ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मार्गदर्शन शिविर में 15 एयरमैन सिलेक्शन सेंटर भोपाल से पहुंचे भारतीय वायु सेना के सार्जेन्ट रोहित शर्मा एवं कॉरपोरल आकीब अमान उल्लाह ने विद्यार्थियों को अग्निवीर वायु योजना की प्रक्रिया, चयन मानदंड, आवश्यक शारीरिक और मानसिक तैयारी, पाठ्यक्रम और तैयारी की रणनीति के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने और समर्पण व अनुशासन के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने सहजता से उत्तर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सैन्य सेवा के प्रति जागरूक करना और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना था।

## इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व संगीत दिवस

खैरागढ़ (दावा)। विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा के संरक्षण एवं कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी के मार्गदर्शन में शनिवार 21 जून को विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में सांगीतिक संध्या का आयोजन किया गया। स

ंगीत संकाय में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन एवं कलाकारों का सम्मान संगीत संकाय के अधिष्ठाता प्रो. नमन दत्त, सहायक प्राध्यापक डॉ. लिकेश्वर वर्मा, विवेक नवरे तथा डॉ. हरिओम हरि ने किया। संकाय के तीनों विभाग गायन, तंत्री वाद्य एवं अवनद्ध वाद्य विभाग के प्रतिभाशाली कला साधकों ने तीन उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दी। जिसमें देवेंद्र वर्मा ने बांसुरी पर राग हंसध्वनि में त्रिताल में निबद्ध गत बजाई। इनके साथ तबले पर रामचंद्र सर्पे ने कुशल संगति की। द्वितीय प्रस्तुति में किशन दास महंत ने त्रिताल में एकल तबला वादन प्रस्तुत किया। इनके साथ विवेक विश्वकर्मा ने हारमोनियम पर लहरा संगत की। अंत में कार्यक्रम का समापन सम्राट भट्टाचार्य के सुमधुर गायन से हुआ। इन्होंने राग मारूबिहाग में बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल एवं राग मिश्र खमाज में एक सुंदर ठुमरी प्रस्तुत की।



इनके साथ हारमोनियम पर ऋषभ मिस्त्री तथा तबले पर डा ॅ. शिवनारायण मौरे ने कुशल एवं सधी हुई संगत की। मंच संचालन गायन विभाग के वरिष्ठ छात्र राहुल चौहान ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ.लिकेश्वर वर्मा द्वारा आभार वक्तव्य किया गया। कार्यक्रम में कथक नृत्य संकाय की अधिष्ठाता प्रो. डॉ. नीता गहरवार, संगीत संकाय के सहायक प्राध्यापक जगदेव नेताम, डॉ. दिवाकर कश्यप सहित शोधार्थी, विद्यार्थी एवं संकाय के अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।

## मनगटा स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम मनगटा में 25 जून को शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शाला द्वारा संयुक्त शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। नव प्रवेशी विद्यार्थियों का इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया एवं निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।



अतिथियों द्वारा अपने संबोधन में बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव एवं जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता डिगेंद्र सिन्हा (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव), विशिष्ट अतिथि के रूप में अंगेश्वर देशमुख (सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव) एवं अन्य अतिथियों के रूप में मोहनिश धनकर (सदस्य जनपद पंचायत राजनांदगांव), परदेशी राम सोनबोइर (तिलई मंडल अध्यक्ष), यशवंत वर्मा (महामंत्री), बैजनाथ सिन्हा (सरपंच ग्राम पंचायत मनगटा), अशोक साहू (सांसद प्रतिनिधि), उमाशंकर साहू (अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति), कोदूराम साहू (ग्राम पटेल), परमानंद साहू, तारेश साहू, धनुष निर्मलकर, महेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू एवं अन्य ग्रामवासी तथा तीनों शाला के शिक्षक उपस्थित रहे।

आज उपस्थित समस्त बच्चों हेतु नेवता भोज का आयोजन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमाशंकर साहू के द्वारा किया गया। जिसमें सभी बच्चों को खीर, पूड़ी, दाल चावल व मिस्ठान दिया गया। उपरोक्त जानकारी शाला के प्राधार्य श्रीमती संगीता गुप्ता द्वारा दिया गया।

## दैहान बांधाबाजार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

बांधाबाजार (दावा)। दैहान में प्राथमिक, माध्यमिक शाला में सामूहिक रूप से आज प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमती बिमला देहारी, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष श्रीमति सरस्वती बाई सिन्हा के अध्यक्ष में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के तैल्य चित्र पर पूजा वंदना कर प्रारंभ किया गया।



शाला में नवप्रवेशी बच्चों को चंदन, बंधन के साथ स्वागत कर खीर, पुड़ी, मिठाई खिलाकर, पुस्तकें व गणवेश वितरित कर उनका स्वागत किया और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों और ग्रामवासियों को शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है और समाज की प्रगति का मूल आधार भी।

इस आयोजन में समारोह में सरपंच श्रीमती बिमला देहारी, उपसरपंच श्रीमती शैलैन्द्री सिन्हा, विजय कुमार भारतद्वाज, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष श्रीमति सरस्वती, कैनाबाई सिन्हा मध्यान्हन भोजन समुह अध्यक्ष देवला बाई, पंच गिरधारी सिन्हा, ममता सिन्हा, मिथिला बाई सिन्हा, भान बाई सिन्हा, भगवंतीन बाई, उदेराम, रेवाराम साहू, शोनसाय देहारी, पवन निषाद, संदीप त्रिपाठी, कविता निषाद, ईश्वरी सिन्हा, तीजन बाई, चंद्रिका बाई, बिसो बाई, गीता निषाद, दुर्गा बाई, सीमा निषाद, मान बाई, निषाद, सोनसिर साहू, शाला स्टाप प्रधान पाठक आंनद चन्द्रवंशी, राजीव टेमरे, शैलैन्द्र शर्मा (सीएसी) जोशीलमती श्रीमती सुधा गजभिए, कीरत कुमार गणवीर, श्रीमती साधना रामटेके, श्रीमती डिलेश्वरी पिथौरा, सफाई कर्मी गिरजानंद सिन्हा और पालकगण, माताएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शाला के शिक्षक के द्वारा सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया।

## व्याख्याता थगेश्वर कुमार साहू द्वारा शाला त्यागी शून्य करने जागरुकता अभियान



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में कार्यरत व्याख्याता थगेश्वर कुमार साहू द्वारा विद्यालय खुलने के पूर्व भी एवं विद्यालय खुलने के बाद छुट्टी पश्चात गांव में घूम-घूमकर समय निकालकर छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत प्रवेश हेतु एवं उपस्थिति हेतु पालकों से एवं ग्रामवासियों से सम्पर्क कर शाला त्यागी बच्चों की संख्या लगभग शून्य करने के लिए यह अभियान स्वइच्छा से कर रहे है।

ग्राम तिलईरवार के कोटवार व्यासनारायण को शत-प्रतिशत प्रवेश एवं उपस्थिति हेतु गांव में मुनादि करने के लिए कहा गया तथा ग्राम सरपंच, शाला प्रबंधन एंव विकास समिति के सदस्यों को भी इस जागरूकता अभियान में शामिल कर इस कार्य के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सचिव डेमन साहू, ग्रामीण नारद, कलीराम, हेमलाल, चोवा साहू, सेवाराम, भीमा सहारे, शिव बघेल, धनराज नवरंगे, गांधी कंवर, हेमंत साहू, लेखराम, रमेश यादव, इंद्रजीत, मूलचंद, रेशम लाल, धर्मेन्द, चंद्रकुमार, अनिता बाई, जेठू वर्मा, मन्नू सहारे, यादराम पटेल, खम्हेरा गांव के संतराम सोनकर, जगेसर यादव आदि ग्रामीणजनों से संपर्क किया गया।

## स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार भी सीखें बच्चे - दिनेश गांधी





**डोंगरगांव (दावा)। संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मनेरी में प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सोमवार आयोजित किया गया। इस अवसर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे 9वीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय से 6वीं एवं प्राथमिक विद्यालय से पहली के छात्रों को मुँह मीठा कर गणवेश प्रदान कर प्रवेश दिलाया गया। 9वीं के छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल प्रदान किया गया।**

संकुल प्राचार्य एआर साहू एवं संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने बताया कि शाला प्रवेशोत्सव के ऐतिहासिक पल में दिनेश गांधी पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, रामकुमार गुप्ता अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति डोंगरगांव, दीना पटेल अध्यक्ष मंडल भाजपा डोंगरगांव, विवेक मंडावी सभापति जनपद पंचायत डोंगरगांव, भीषणदास साहू सरपंच ग्राम पंचायत मनेरी, ओमकार साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत मनेरी, क्षितिज सोरी सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव, डाकेश्वर निषाद, जनक साहू, ताराचंद साहू, डोमन साहू, कमलेश साहू, पोहन दास साहू आदि ग्राम मनेरी पालक वर्ग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

यह आयोजन संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मेनरी शास. उ. मा. शाला मनेरी पूर्व मा. शाला मनेरी-गुंगेरी नवागांव, प्राथमिक शाला मनेरी, गनेरी, बरगांव, जामसरार कला गुंगेरी नवागांव ग्राम पंचायत मनेरी एवं समस्त ग्रामवासी मनेरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है।

इस अवसर पर प्राचार्य एआर साहू संकुल समन्वयक श्री साहू, भवरलाल देवांगन प्रधानपाठक मोनिका चंद्राकर, मनीषा घरडे, श्याम निकाजू, धनराज मेश्राम विकास कुंजाम, सरोज पाटिल, पूनम द्विवेदी, मनराखन देवांगन, माधव साहू विनोद शर्मा, खेमलता खरे, भुनेश्वरी कोर्राम, पूनम जोशी सरस्वती सिन्हा, सुमन यादव नीता साहू, जागृत साहू अरुनधती रत्नाकर आदि शिक्षकों की उपस्थित रही।




























स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com